17 फरवरी को नीलाम होगी अग्रणी होम की जब्त 85 डिसमिल जमीन

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : ग्राहकों के पैसे न लौटाने पर रेरा बिहार के द्वारा जब्त की गई अग्रणी होम्स प्राइवेट लिमिटेड की 85.6 डिसमिल जमीन की नीलामी अब 17 फरवरी को होगी। यह जमीन पटना के धवलपुरा में है। पूरी नीलामी प्रक्रिया ई-प्रोक के माध्यम से की जाएगी।

रेरा बिहार के अनुसार, पिछले दफा 16 दिसंबर को जमीन की नीलामी प्रक्रिया हुई थी जिसमें केवल दो लोगों ने भाग लेने के लिए कागज़ जमा कराये थे मगर वो भी त्रुटिपूर्ण थे। ऐसे में यह निर्णय लिया गया कि इच्छुक खरीदारों को एक और मौका मिल सके ताकि जमीन की नीलामी से ज्यादा से ज्यादा पैसा आ सके जो अग्रणी होम्स के पीडित परिवारों को लौटाए जा सके। इच्छुक खरीदार 15 जनवरी से 10 फरवरी के बीच अपने कागज और शुल्क जमा करा सकते हैं। इससे संबंधित जरूरी जानकारी देने के लिए पटना जिला प्रशासन के द्वारा 14 जनवरी को प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।